प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 मंगलवार दिनांक 25.03.2025

मुख्य समाचारः–

- दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती इलाके में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में पच्चीस लाख रूपये के इनामी सहित तीन माओवादी मारे गए।
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश में धर्मांतरण को लेकर राज्य सरकार गंभीर–जल्द ही बनाया जाएगा सख्त कानून।
- भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर आज मुख्यमंत्री ने माता कर्मा की स्मृति में डाक टिकट का विमोचन किया।
- प्रदेश में मार्च महीने में शासकीय अवकाश के दिनों में भी सभी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे।

मुख्यमंत्री–धर्मांतरण कानून

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रदेश में धर्मांतरण को लेकर राज्य सरकार गंभीर है और जल्द ही सख्त कानून बनाया जाएगा। श्री साय ने आज जशपुर जिले के प्रवास के दौरान यह बात कही।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मयाली नेचर कैंप में एडवेंचर जोन का शुभारंभ किया। इसके अलावा उन्होंने जिले के लिए तीन प्रमुख पर्यटन सर्किटों का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मयाली में पर्यटन के लिए अपार संभावनाएं हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ योजना की शुरूआत सत्ताईस मार्च को रायपुर से की जाएगी। श्री साय अपने प्रवास के दौरान ग्राम मयाली में आयोजित कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के शिवमहापुराण कथा कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

भक्त माता कर्मा जयंती

भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने माता कर्मा की स्मृति में डाक टिकट का विमोचन किया। रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ और संत माता कर्मा आश्रम समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि भक्त माता कर्मा का डाक टिकट जारी होना गर्व की बात है। साहू समाज द्वारा लंबे समय से इसकी मांग की जा रही थी।

वहीं, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि भक्त माता कर्मा का सामाजिक योगदान अतुलनीय है और उनको सम्मानित करने डाक टिकट जारी किया गया है। भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर आज प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरूण साव भी शामिल हुए।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महीने की तीस तारीख को आकाशवाणी पर होने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम के लिए सुझाव मांगे हैं। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बीसवीं कड़ी होगी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इस महीने के मन की बात कार्यक्रम के लिए व्यापक सुझाव मिलने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि यह सुझाव सामाजिक भलाई के लिए सामूहिक प्रयासों की शक्ति को दर्शाते हैं। कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य – एक एक – सात आठ शून्य शून्य के माध्यम से दिए जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी ऑन–लाइन सुझाव अट्ठाईस तारीख तक साझा किए जा सकते हैं।

आरएसएस–प्रेसवार्ता

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक बंगलुरू में इक्कीस से तेईस मार्च तक आयोजित की गई। बैठक में बांग्लादेश में हिन्दू और अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें बांग्लादेश के हिन्दू समाज के साथ एकजुटता से खड़े होने का आह्वान किया गया है।

आरएसएस के मध्य भारत क्षेत्र संघचालक डॉक्टर पूर्णेन्दु सक्सेना और छत्तीसगढ़ प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा ने आज रायपुर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। आरएसएस के शताब्दी वर्ष की शुरूआत विजयादशमी के अवसर पर होगी, जिसमें गणवेश में स्वयंसेवकों के मंडल, खंड और नगर स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नवंबर दो हजार पच्चीस से जनवरी दो हजार छब्बीस तक तीन सप्ताह तक घर–घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा, जिसका विषय "हर गांव, हर बस्ती, हर घर" होगा। वहीं, सभी मंडलों और बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा खंड–नगर स्तर पर सामाजिक सद्भाव बैठकें आयोजित की जाएंगी।

तपेदिक रोग उन्मूलन

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने देश के सभी जिलों में सघन तपेदिक रोग उन्मूलन अभियान चलाने की घोषणा की है। इससे पहले यह अभियान चयनित उच्च प्राथमिकता वाले चार सौ पचपन जिलों में लागू था। नई दिल्ली में कल विश्व तपेदिक दिवस शिखर सम्मेलन में श्री नड्डा ने कहा कि भारत में तपेदिक रोग से उपचार का दायरा पचासी प्रतिशत हो गया है। श्री नड्डा ने कहा कि सरकार, इस वर्ष के अंत तक देश से तपेदिक को खत्म करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

मुख्यमंत्री–पेयजल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गर्मी के मौसम में पेयजल संकट की स्थिति से निपटने के लिए आगामी पंद्रह दिनों के भीतर प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाकर सभी हैंडपंपों और सार्वजनिक नलों की मरम्मत करने के निर्देश दिए हैं। श्री साय ने कल रायपुर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और जल संसाधन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान प्रदेशभर में पेयजल की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिकता के साथ सभी जरूरी उपाय किए जाएं। साथ ही उन्होंने भूजल के अनियंत्रित दोहन पर सख्त निगरानी रखने और कम जल–खपत वाली फसलों की खेती को प्रोत्साहन देने के भी निर्देश दिए।

पंजीयन कार्यालय

प्रदेश में चालू वित्तीय वर्ष के अंतिम माह मार्च में शासकीय अवकाश के दिनों में भी सभी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे। पंजीयन और मुद्रांक महानिरीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को पत्र जारी कर दिया है। पत्र में कहा गया है कि पच्चीस, उनतीस, तीस और इकतीस मार्च को भी सभी रजिस्ट्री कार्यालय खुले रहेंगे। इसके अलावा रजिस्ट्री के लिए पक्षकारों के अपॉइंटमेंट का समय शाम पांच बजे से बढ़ाकर शाम सात बजे तक कर दिया गया है।

राज्यपाल–स्वेच्छानुदान मद

राज्यपाल रमेन डेका ने अपने स्वेच्छानुदान मद से खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला और संगीत विश्वविद्यालय में अध्ययनरत उत्तर पूर्वी क्षेत्र के अड़तीस जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए एक लाख नब्बे हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इसके तहत प्रत्येक विद्यार्थी को स्वेच्छानुदान मद से पांच–पांच हजार रूपये दिए जायेंगे।

विनोद कुमार शुक्ल–तोखन साहू

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने कल रायपुर में सुप्रसिद्ध कवि और उपन्यासकार विनोद कुमार शुक्ल से मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री ने श्री शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार दिए जाने की घोषणा पर बधाई देते हुए उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि विनोद कुमार शुक्ल की रचनाएं भारतीय साहित्य को समृद्ध करती हैं और आम जीवन की संवेदनाओं को सरलता से अभिव्यक्त करती हैं। उनकी लेखनी नई पीढ़ी के साहित्यकारों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान

प्रदेश में बीते तेईस मार्च को स्कूल शिक्षा विभाग, साक्षरता और एनआईओएस द्वारा बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान आंकलन परीक्षा का आयोजन किया गया। इस महापरीक्षा अभियान में बुजुर्ग, युवा, महिलाएं और दिव्यांगजन सहित लगभग पांच लाख शिक्षार्थियों ने भाग लिया।

कोंडागांव–फूल बाजार मेला

कोंडागांव जिले में बड़ेराजपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत हरवेल में पारंपरिक वार्षिक फूल बाजार मेला आयोजित किया गया। इस मेले में दस गांवों के देवी–देवता शामिल हुए और गांव का भ्रमण कराया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने फूल–माला पहनाकर देवी–देवताओं का स्वागत किया।

संक्षिप्त समाचार

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव और गणेश शंकर विद्यार्थी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है।
- बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं। यह सम्मेलन एक से चार मई तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा।
- राज्य सरकार ने राज्य वित्त सेवा के सोलह अधिकारियों के पदोन्नति आदेश जारी किए हैं। साथ ही इन अधिकारियों की नई पदस्थापना भी की गई है।
- कोंडागांव जिले में आयकर अधिकारी बनकर एक दुकानदार से चार लाख रूपये से अधिक की ठगी करने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।
- दुर्ग जिले के निरी चौकी क्षेत्र में आज स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के काफिले में चल रहे तीन वाहन आपस में टकराकर क्षतिग्रस्त हो गए। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।
- रायगढ़ के चक्रधरनगर स्थित पचधारी डैम में डूबने से दो बालिकाओं की मौत हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इन बालिकाओं की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है।
- कोरबा जिले के सिंघिया गांव में ट्रेलर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

<><><><><>